# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः—सी0ओ0ई0 / 545 / 2025

दिनांकः— 30 जुलाई, 2025

**अनुस्मारक—3**

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,**
**राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ।**

विषयः प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना तत्काल कराकर अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या— सी0ओ0ई0 / 507 / 2025 दिनांक 17 जुलाई, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके सम्बन्ध में सत्र् 2024—25 सम सेमेस्टर की समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना की परीक्षा सम्पादित कराकर 20.07.2025 तक अंक अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु अभी तक कतिपय महाविद्यालयों द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना की परीक्षा सम्पादित नही करायी गयी है। जिससे मा0 कुलपति जी द्वारा बहुत रोष प्रकट किया गया है।

मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार 31.07.2025 तक समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना आयोजित कराकर अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिससे सम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी किया जा सके। अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाएं / शोध परियोजना निर्धारित तिथि तक सम्पन्न न कराने पर सम्बद्ध महाविद्यालयों पर अर्थदण्ड भी लगाया जायेगा।

30-7-2025

**(धीरेन्द्र कुमार)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—**

1. समस्त संयोजक, अध्ययन परिषद (BOS)।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. प्रभारी वेबसाइट
4. गार्ड फाईल।

**परीक्षा नियंत्रक**

Scanned with OKEN Scanner